**कार्यक्रम** | जबलपुर में हुआ ग्लैमर 2026 का ऑडिशन

# 25 से अधिक मॉडल्स ने दिखाई अपनी प्रतिभा




**जबलपुर, नवभारत।** स्वास्तिक इवेंट्स द्वारा प्रस्तुत फैशन और पेजेंट प्लेटफॉर्म द ग्लैमरस जबलपुर 2026 के ऑडिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। यह ऑडिशन शहर के अमृत होटल में आयोजित किया गया, जिसमें जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों से आए 25 से अधिक प्रतिभाशाली मॉडल्स (लड़के और लड़कियों दोनों) ने भाग लिया। कार्यक्रम में पधारे जजों के द्वारा प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, रैंप वॉक, पर्सनैलिटी और प्रेज़ेंटेशन स्किल्स का बारीकी से मूल्यांकन किया गया। इस ऑडिशन के दौरान जूरी के रूप में विवेक सिंह और सुरेन्द्र गुजराल विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण टिप्स और मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों का प्रतिभागियों ने शानदार नृत्य, गायन और अभिनय कर खूब मनोरंजन किया।

### इनका कहना है



यह मेरा पहला ऑडिशन था जो सफल रहा अब अगला ऑडिशन श्रीराम कॉलेज में होगा।

**साहिल जोशी**



मैं एक फैशन स्टूडेंट हूं 1 साल से मॉडलिंग कर रही हूं। यहां का माहौल काफी अच्छा है।

**भूमिका ठाकुर**



मैं पिछले 7 महीनों से इस कार्यक्रमों में भाग ले रही हूँ 7 कार्यक्रम में हमेशा खाने-पीने के साथ साथ मेकअप सहित सभी चीज़ों का अच्छा इंतज़ाम रहता हैं।

**पूजा श्रीपाल**



यहां सारी चीजें काफी अच्छी थी। लोगो का व्यवहार और व्यवस्थाएं अच्छी थी

**अनामिका श्रीपाल**

# सूरजताल तालाब का होगा कायाकल्प : निगमायुक्त

**सीता सरोवर तालाब की सफाई करने वाले 26 जनवरी को होंगे सम्मानित**



**नवभारत,जबलपुर।** शहर की ऐतिहासिक धरोहर और जल स्त्रोतों के संरक्षण की दिशा में नगर निगम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इन्ही प्रयासों में एक और कड़ी जोड़ते हुए गढ़ा के सूरजताल तालाब का कायाकल्प करने की भी योजना निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बनाई है। जिसके लिए निगमायुक्त ने सोमवार को अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपयंत्री वीरेन्द्र पाण्डेय, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव के साथ तालाब सफाई अभियान के अन्य सदस्यों के साथ सूरजताल तालाब का सघन निरीक्षण किया और आगामी एक माह के भीतर तालाब की सूरत बदलने का संकल्प लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कल से ही युद्धस्तर पर सफाई अभियान शुरू करने के कड़े निर्देश भी दिए हैं। इस दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जिस प्रकार से सीता सरोवर तालाब की सफाई हुई है उसी प्रकार से सूरजताल तालाब की सफाई कराएं। निगमायुक्त ने इस मौके पर ये भी कहा कि 26 जनवरी को तालाबों की सफाई करने वाले सभी सफाई मित्रों को प्रशस्ती प्रमाण पत्र भेंट कर पुरस्कृत किया जायेगा।

### विभागों को मिली जिम्मेदारी

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने स्वास्थ्य और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तालाब के भीतर की जलकुंभी और अन्य घास एवं कचरे को हटाना और किनारों की सफाई उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस मौके पर निगमायुक्त ने केवल अधिकारियों को निर्देश ही नहीं दिए, बल्कि तालाब के आस-पास बसे स्थानीय लोगों से भी सीधे संवाद भी किया और तालाब के सफाई अभियान में सहयोग प्रदान करने की समझाईश दी।

## तारण-तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय में फरवरी में तीन दिवसीय महोत्सव



**नवभारत,जबलपुर।** शहर के हृदय स्थल में नवनिर्मित तारण-तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय में आचार्य प्रवर श्रीमद् जिन तारण-तरण मण्डलाचार्य जी महाराज के शुभाशीर्वाद से 13 से 15 फरवरी 2026 तक त्रिदिवसीय रत्नत्रय श्री जिनवाणी जी आस्थाप कलशारोहण, वेदी सूतन एवं तिलक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के निमित्त चैत्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आमंत्रण पत्रिका का विधिवत विमोचन किया गया, जो समस्त ट्रस्टियों, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सकल तारण-तरण जैन समाज की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की जानकारी धर्म प्रचारक नितिन जैन द्वारा प्रेस रिलीज के माध्यम से दी गई। तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में देशभर से ब्रह्मचारी साधक, साध्वियाँ, प्रतिष्ठाचार्य, विद्वान एवं बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी जबलपुर पधारेंगे। आयोजन को सफल बनाने हेतु शरद जैन, सतीश समैया, राहुल जैन, राजेश परासिया, नवीन जैन (मंत्री), पुखराज परिवार, रामडिम परिवार सहित सकल तारण-तरण जैन समाज सामूहिक रूप से संकल्पित है।

## पीयूष वर्मा बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**नवभारत, जबलपुर।** कायस्थ महासभा चित्रगुप्त महराज सेवा ट्रस्ट दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार ने जबलपुर निवासी पीयूष वर्मा को मध्यप्रदेश का वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ती की है। नियुक्ति पर कायस्थ समाज द्वारा हर्ष व्यक्त किया।

## दृष्टिबाधित छात्रों ने ब्रेल लिपि में लिखकर दिखाई अपनी प्रतिभा

**विश्व ब्रेल लिपि दिवस का भव्य समारोह, कानूनी सहायता पर दी गई जानकारी**



**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान जबलपुर में विश्व ब्रेल लिपि दिवस के अवसर पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने दिव्यांगों के लिए कानूनी सहायता पर प्रकाश डाला। सिनियर मैनेजर कमल नारायण वर्मा ने डिजिटल और नॉन-डिजिटल ब्रेल लिपि पर प्रेज़ेंटेशन दिया। दृष्टिबाधित छात्रों ने ब्रेल लिपि में लिखकर अपनी प्रतिभा दिखाई। शिक्षकों और छात्रों को ब्रेल शिक्षण, सहायक उपकरणों और समावेशी शिक्षा के महत्व पर प्रेरित किया गया। समारोह में दिव्यांगों का शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। समारोह का संचालन डॉ. नंदिनी शर्मा और राकेश अग्रवाल ने किया। संस्था के प्राचार्य, समावेशी शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रामनरेश पटेल और आशीष शुक्ला सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### ए एक नजर में



## बुके की जगह फल, संवेदनशीलता की मिसाल बना रादुविवि

**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने एक अभिनव और अनुकरणीय पहल करते हुए विभूतियों के स्वागत में बुके के स्थान पर फलों की टोकरी भेंट करने की शुरुआत की है। इसी क्रम में 2 जनवरी को डुमना एयरपोर्ट पर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वागत में उपयोग किए गए फलों का वितरण श्री राजकुमारी बाई बाल निकेतन के बच्चों के बीच किया गया। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा एवं प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने बच्चों को फल वितरित किए। कुलगुरु ने इसे पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के सदुपयोग और जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने वाला अभियान बताते हुए सभी संस्थाओं से सहभागिता का आह्वान किया। कुलगुरु प्रो. वर्मा ने बाल निकेतन के बच्चों को विश्वविद्यालय के कौशल विकास संस्थान में नि:शुल्क सिलाई, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, कैरियर काउन्सिलिंग, इंग्लिश कोचिंग, संस्कृत, कम्युनिकेशन सॉफ्ट स्किल एवं व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण देने तथा आवश्यकतानुसार ड्रेस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रो. एस.एस. संधू, प्रो. राकेश बाजपेयी, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. मीनल दुबे, बाल निकेतन अधीक्षिका श्रीमती अभिलाषा वर्मा, बाल कल्याण अधिकारी पूजा सोनी, काउंसलर मधुलिका वर्मा एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर संगीता मरावी उपस्थित रहीं।

## वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस पर भारतीय डाक का विमोचन

**जबलपुर, नवभारत।** चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस, जबलपुर को अविस्मरणीय बनाने के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग, भारत सरकार द्वारा एक विशेष डाक आवरण का प्रकाशन एवं विधिवत विमोचन किया गया। यह विमोचन कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र के अवसर पर 2 जनवरी 2026 को संपन्न हुआ। इस विशेष आवरण पर वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस, जबलपुर अंकित है। साथ ही इसमें डॉ. अखिलेश कुमार द्वारा रचित ग्रंथ (हिम्न्स ऑफ रामायण) के आवरण चित्र को भी स्थान दिया गया है, जो रामायण की वैश्विक चेतना और सांस्कृतिक प्रभाव को दर्शाता है। कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र के दौरान इस विशेष आवरण की एक प्रति बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को आयोजन अध्यक्ष अजय बिश्नोई, आयोजन सचिव डॉ. अखिलेश गुमास्ता एवं फिला टेली सोसायटी के सचिव विकास सिंघई द्वारा प्रतीक स्वरूप भेंट की गई।




## मुख्यालय की जनसुनवाई की शिकायतों को सुनेंगे महापौर

**नवभारत,जबलपुर।** मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' शहरवासियों की समस्याओं को सुनेगें, जहां पर विशेष रूप से जलवितरण व्यवस्था से संबंधित शिकायतों को सुना जाएगा और तत्काल निराकरण कर शहरवासियों को राहत प्रदान की जाएगी। वहीं संभाग क्रमांक 11 में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज और संभाग क्रमांक 3 में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार विशेष रूप से जनसुनवाई कर विशेषकर जल-सुनवाई करेगें। नगर निगम द्वारा पेयजल से संबंधित सूचनाओं और शिकायतों के लिए हैल्प लाइन नम्बर, 0761-2637509, 10, जारी किया गया है। पेयजल से संबंधित कोई सूचना या शिकायत नागरिकगण उक्त नम्बर पर कर सकते हैं। नगर निगम द्वारा त्वरित प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही की जायेगी। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि सभी 16 संभागों में एम.आई.सी. सदस्यों, नेताप्रतिपक्ष, जोन अध्यक्षों, और पार्षदों साथियों के द्वारा सुनवाई की जाकर त्वरित निराकरण कराया जायेगा।

# विद्युत चैलेंजर्स लीग 2026 का शुभारंभ

**जबलपुर में आठ टीमों के साथ शुरू हुआ पांचवा संस्करण**




**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र कंपनी, जबलपुर में विद्युत चैलेंजर्स लीग का पांचवां संस्करण पांडुताल ग्राउंड में धूमधाम के साथ शुरू हुआ। यह टूर्नामेंट 5 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया है। पूर्व क्षेत्र कॉरपोरेट कार्यालय से 3, स्थानीय शहर वृत्त से 2 और ग्रामीण वृत्त से 3 टीमें भाग ले रही हैं।

शुभारंभ समारोह में पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रबंध संचालक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यकारी निदेशक राजीव गुप्ता और पूर्व क्षेत्र कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) सम्पदा सराफ गुर्जर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। ट्रॉफियों का लोकार्पण, रंग-बिरंगे गुब्बारे और आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सभी टीम के कप्तानों को जीत की शुभकामनाएं दी गईं। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेल खेलने और स्टेडियम परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। पहले दिन ग्रामीण वृत्त की टीम एसपी स्काईहॉक्स और शहर वृत्त की टीम सिटी सुपर स्ट्राइकर के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें एसपी स्काईहॉक्स टीम ने जीत हासिल की।



## रांझी गुरुद्वारा में श्रद्धा व उल्लास के साथ मना प्रकाशोत्सव

**नवभारत, जबलपुर।** साहिब गुरु गोविन्द सिंह गुरुद्वारा, रांझी में 5 जनवरी को गुरु गोविन्द सिंह जी का प्रकाश उत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अरदास से हुई, जिसमें सतनाम सिंह रागी जत्था, पियारा सिंह, जसप्रीत सिंह, स्त्री सत्संग दी बिबियां तथा खालसा स्कूल के बच्चों ने सहभागिता कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रधान सतपाल सिंह संधू के साथ जगजीत सिंह, गुरुदीप सिंह, बलवीर सिंह, सतपाल सिंह काक्के, गुमर, उदित, रील, टिम्मी लम्बा, हार्दित लाल सिंह एवं सोनू कोहली विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के समापन पर गुरुद्वारा परिसर में गुरु का लंगर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने प्रसाद ग्रहण किया।



## हिंदू सम्मेलन के लिए धर्म ध्वजा स्थापित

**नवभारत,जबलपुर।** केशव नगर एन एम टी ट्रैक प्रेम मंदिर प्रभात पुल सुभद्रा बस्ती में 17 जनवरी को आयोजित होने जा रहे विशाल हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन एवं धर्म ध्वजा की स्थापना का कार्यक्रम श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। स्थापित किया गया भगवा ध्वज सनातन धर्म की अमर ज्योति, हिंदू एकता, संस्कृति, एवं आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है, जो समाज को धर्म, संस्कार और संगठन के सूत्र में बांधने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर स्थानीय नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रही।

## श्रमजीवी पत्रकार संगठन ने मनाया नववर्ष मिलन समारोह



**नवभारत, जबलपुर।** पत्रकारों के हितों के लिए संघर्षरत श्रमजीवी पत्रकार संगठन की जबलपुर इकाई द्वारा नववर्ष 2026 के अवसर पर पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन सर्किट हाउस क्रमांक-2 में किया गया। कार्यक्रम में बरगी विधायक नीरज सिंह, कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, सहायक श्रम आयुक्त पवन मंडोत एवं श्रम निरीक्षक आशुतोष शर्मा का संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रीत ने पुष्पहारों से स्वागत कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। सभी अतिथियों एवं पत्रकारों ने स्वरुचि भोज का आनंद लिया।

इस अवसर पर सहायक श्रम आयुक्त पवन मंडोत ने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। वहीं जनप्रतिनिधियों अशोक रोहाणी व नीरज सिंह ने भी पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण हेतु सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रीत ने दिनेश चौधरी को वर्ष 2026-27 के लिए संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किए जाने की घोषणा की और पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। समारोह में संजय गोस्वामी, रफीक खान, रविन्द्र शर्मा, राजेन्द्र पांडे, कमलेश शर्मा, चंदू चाबे, ऋषिकेश सराफ, अमित नामदेव, दिनेश सिंह, प्रहलाद साहू, रामनारायण त्रिपाठी, विवेक तिवारी, हाजी मुईन खान, दीपांशु गौतम, आशीष शुक्ला, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश सोनी, रजनीश मांझी, राकेश नगाईच, रवि पटेल, प्रकाश जायसवाल, शिव दोहरे, पवन राय, डॉ. भगत, रविन्द्र डोंगरे, संजय मिश्रा, संजय सेन, अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, धर्मेन्द्र असरानी, अशोक बाबा रावत सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

**बैठक** | बुनियादी सुविधाओं को और अधिक मजबूत करने बैठक में दिए निर्देश

# फील्ड पर रहकर पेयजल-सफाई व्यवस्था की करें निगरानी : निगमायुक्त



**नवभारत,जबलपुर।** शहरवासियों को बेहतर जीवन स्तर और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के के साथ नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार सोमवार सुबह से ही एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने निगम के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर स्पष्ट किया कि शहर की बुनियादी सुविधाओं, स्वच्छ पेयजल, सीवर और साफ-सफाई में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ने इसके लिए सभी अधिकारियों को भ्रमण करने और उपरोक्त व्यवस्थाओं पर नियमित रुप से निगरानी रखने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान आयुक्त ने न केवल कार्यों की समीक्षा की, बल्कि नगर निगम के पूरे अमले को फील्ड पर तैनात रहने के निर्देश दिए। अब निगम के अधिकारी और कर्मचारी केवल दफ्तरों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि वे जमीनी स्तर पर जाकर व्यवस्थाओं की सतत् निगरानी करेंगे। आयुक्त ने कहा कि आम जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े, यह हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति

आयुक्त ने जल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचे। पाइपलाइन लीकेज और गंदे पानी की शिकायतों का निपटारा तत्काल प्रभाव से करने को कहा गया है। उन्होंने वार्डों में नियमित कचरा उठाने और सार्वजनिक स्थानों की सघन सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, वी एन बाजपेई, अंजू सिंह के साथ सभी उपायुक्त एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में जबलपुर ओवरऑल चैंपियन

**नवभारत,जबलपुर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी (आरजीपीवी) के अंतर्गत ज्ञान सागर कॉलेज, सागर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स टूर्नामेंट में जबलपुर नोडल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। प्रतियोगिता में श्रीराम कॉलेज के खिलाड़ियों का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा, जिन्होंने कुल 12 गोल्ड, 7 सिल्वर और 1 ब्रोंज़ मेडल जीतकर जबलपुर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सुमित पटेल नें स्वर्ण पदक जीते, अभिषेक पांडे ने लॉन्ग जंप तथा दोनों रिले स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। जिया कुशवाहा और हार्दिक तिवारी ने 21 किमी दौड़ में गोल्ड मेडल प्राप्त किए, जबकि जिया ने 10 किमी दौड़ में भी प्रथम स्थान हासिल किया। शोभित दूबे, श्रेयस रंधवे, विवेक भँवरे और ज्ञानेंद्र अहिरवर (पोल वॉल्ट) ने भी स्वर्ण पदक जीतकर टीम को मजबूती दी। रजत पदक विजेताओं में ध्रुव जैसवाल, आयुष गुर्जर, ओश पटेल, और पूर्वा साहू शामिल रहे। ओश पटेल ने लॉन्ग जंप में कांस्य पदक भी जीता। नवाज़ खान नें स्वर्ण पदक हासिल किया। जबलपुर नोडल की इस ऐतिहासिक सफलता पर खेल प्रेमियों और कॉलेज प्रबंधन ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।